## एक नजर में

### अमन का इंडियन आर्मी में चयन



**करनवास 12 दिसम्बर, सं.** होटल व्यवसाय मनोज यादव के पुत्र अमन यादव का चयन इंडियन आर्मी टेक्निकल के पद पर हुआ है. वे इंजिनियरिंग ग्रुप उत्तराखंड के रुड़की ट्रेनिंग में करेंगे. अमन यादव के आर्मी में चयन होने पर ईस्ट मित्रो और परिवारजनों सहित समस्त ग्रामवासियों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है.

### नेशनल लोक अदलत आज

**ब्यावरा 12 दिसम्बर, का.** हितग्राहियों को अधिभार की राशि में छूट का लाभ देने के उद्देश्य से नगर में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा. जिसमें नगर पालिका परिषद, विद्युत वितरण कंपनी सहित अन्य विभागों के काउंटर लगाए जाएंगे. इसको लेकर नपा द्वारा शुक्रवार को एनाउंस कराते हुए कहा गया है कि जिनके नपा से संबंधित सम्पत्ति कर, भवन कर, समेकित कर, जल कर, दुकान किराया आदि की राशि बकाया है वह नेशनल लोक अदालत में उक्त बकाया राशि जमा कर अधिभार में मिलने वाली छूट का लाभ ले सकते है. नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज पुरानी तहसील परिसर में प्रातः 10.30 बजे से होगा. विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा आज होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए लगभग 500 नोटिस जारी किए गये है. प्री लिटिगेशन के मामले में 30 प्रतिशत तथा लिटिगेशन के मामले में 20 प्रतिशत अधिभार में छूट रहेगी. जबकि धारा 126 के मामले में पांच किलो वॉट तक के लिए 20 प्रतिशत की छूट का प्रावधान रहेगा.

### 29 गांवों के विकास की योजना बनाई

**राजगढ़ 12 दिसम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अभिसरण समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई. जिसमें वर्ष 2025-26 हेतु अनुमोदित 29 ग्रामों में ग्राम विकास योजना को अनुमोदन दिए जाने कार्यो योजना बनाई गई. 10 ग्रामों में आंगनवाडी निर्माण हेतु समिति द्वारा स्वीकृति दी गई. 19 ग्रामों में अधोसरंचना संबंधित कार्यो हेतु चर्चा की गईङ बैठक में कृषि, विद्युत, खादय, पीएचई, शिक्षा, महिला बाल विकास के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे.

### कथावाचक प्रभुजी नागर का स्वागत किया



**करनवास 12 दिसम्बर, सं.** स्थानीय बस स्टैंड पर संत प्रभुजी नागर श्री हाटकेश्वर धाम सेमली का स्वागत किया गया. इस मौके पर लखन यादव पीएसओ अमर सिंह यादव विधायक राजगढ़, परमानंद सेन, खेमचंद यादव पटेल, मनमोहन शर्मा, जीवन सिंह यादव, जगदीश सेन करनवास, अशोक, नंदकिशोर यादव सहित मातृशक्ति आदि भक्तगण उपस्थित हुए.

# ई-अटेंडेंस से कतरा रहे सैकड़ों शिक्षक

## 8 दिसम्बर को 733 शिक्षकों ने नहीं लगाई ई अटेंडेंस, अतिथि शिक्षकों को वेतन के लिए अनिवार्य है

**जिला शिक्षा विभाग ने संकुल प्राचार्यो से मांगा स्पष्टीकरण**

**शिक्षकों के साथ ही कई अतिथि शिक्षक भी नहीं लगा रहे ई-अटेंडेंस**

**सर्वाधिक संख्या राजगढ़ ब्लॉक में तो सबसे कम सारंगपुर में**




नवभारत न्यूज
**ब्यावरा 12 दिसम्बर, का.** शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता लाते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समय पर स्कूलों का संचालन हो इसको लेकर शासन द्वारा शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस को लागू किया गया है, इसको लेकर शिक्षा विभाग एवं प्रशासन भी सख्त रवैया अपनाए हुए है बावजूद इसके आज भी जिले में कई शिक्षकों के द्वारा ई-अटेंडेंस नहीं लगाने का मामला सामने आया है. इसको लेकर जिला शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर संबंधितों के संकुल प्राचार्यो से स्पष्टीकरण मांगा गया है.

संकुल प्राचार्यो को इस आशय के आदेश जारी किए गये है. जिसमें संकुल प्राचार्यो को कहा गया है कि संकुल के तहत कार्यरत कुछ शिक्षकों, अतिथि शिक्षकों के द्वारा निर्धारित समयानुसार ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की गई है. जिला शिक्षाधिकारी द्वारा जारी आदेश में संकुल प्राचार्यो से जिले के करीब 733 शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों के सत्यापन का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है.

### अतिथि शिक्षकों का वेतन ई-अटेंडेंस पर ही

शिक्षा विभाग के अनुसार अतिथि शिक्षकों का वेतन का निर्धारण एवं भुगतान ई-अटेंडेंस के आधार पर ही किया जाएगा. अटेंडेंस पर ही उन्हें वेतन मिल पाएगा. **तकनीकि कारण आ रहे सामने** - जानकारी के अनुसार अनेक जगहों पर नेटवर्क नहीं मिलने व अन्य प्रकार की तकनीकि समस्याओं के चलते भी शिक्षक एवं अतिथि शिक्षक चाहकर भी ई-अटेंडेंस नहीं लगा पा रहे है. कई जगह अतिथि शिक्षकों को भी इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है.

### संकुल प्राचार्यो को रखना है निगरानी

पूर्व में विभाग द्वारा ई-अटेंडेंस को लेकर संबंधित संस्था के संकुल प्राचार्य को इसकी निगरानी रखते हुए बराबर रुप से मॉनिटरिंग के लिए कहा गया था. आदेश में कहा गया है कि इस संबंध में संकुल प्राचार्य स्तर पर आवश्यक सत्यापन एवं निगरानी की जानी थी जिसे पूर्ण नहीं किया गया.

### आदेश के साथ जारी की सूची

जिला शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के साथ ही जिन शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों के द्वारा ई-अटेंडेंस नहीं लगाई जा रही है उन संबंधित शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों की नामवार सूची भी जारी की है. 8 दिसम्बर को जिले के लगभग 733 शिक्षक एवं अतिथि शिक्षक शामिल है जिनके द्वारा इस तारीख को ई-अटेंडेंस नहीं लगाई है.

### ये है ब्लॉक वार स्थिति

जिले के विभिन्न ब्लॉक में ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों की स्थिति इस प्रकार है. सर्वाधिक राजगढ़ एवं सबसे कम सारंगपुर में है. ब्यावरा ब्लॉक में 106, खिलचीपुर में 110, नरसिंहगढ़ में 141, राजगढ़ में 161, सारंगपुर में 74 तथा जीरापुर में पदस्थ 140 शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस नहीं लगाने पर संबंधितों के संकुल प्राचार्यो को नोटिस देते हुए स्पष्टीकरण मांगा है. गौरतलब है कि राजगढ़ जिला मुख्यालय पर ही ई अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों की संख्या सर्वाधिक है. बीते दिनों शिक्षकों ने ई अटेंडेंस को लेकर तकनीकि कारणों से अपनी असमर्थता और दिक्कतों से अवगत कराया था. कई जगह नेटवर्क की समस्या भी आढ़े आ रही है. जिला शिक्षा कार्यालय के आदेशानुसार जिन शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों के द्वारा ई-अटेंडेंस नहीं लगाई है उन संबंधितों के संकुल प्राचार्यो से स्पष्टीकरण हेतु कहा गया है.



# हाईवे से अनियंत्रित हुआ टेंकर खेत में पलटा

## खेत में फैले तरल से फसल को नुकसान

नवभारत न्यूज
**पड़ाना 12 दिसम्बर, सं. हाईवे पर मऊ के यहां गुरुवार की शाम को एक टेंकर अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे जाकर खेत में पलट गया. सौभाग्य से कोई बड़ी अनहोनी होने से बच गई. हालांकि टेंकर में भरे तरल पदार्थ के कारण खेत में खड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है.**

जानकारी के अनसुार गुरुवार की शाम करीब 6 बजे आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर मऊ के यहां पचोर की और से चालक कृष्णाराम विश्नोई द्वारा टेंकर वाहन क्रमांक जी.जे. 12, बीवाय 5487 ले जाया जा रहा था तभी मऊ के यहां टेंकर एकाएक अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे महेंद्र नागर के खेत में पहुंचकर पलट गया. **फसल हुई चौपट-** खेत मालिक के अनुसार खेत में खड़ी मसूर की उपज को रौंदता हुआ टेंकर पलट गया. इसमें भरा तरह पदार्थ फैल गया जिससे फसल को काफी नुकसान पहुंचा है. कृषक ने बताया कि खेत में अन्य छोटे-छोटे पौधे भी नष्ट हो गये. टैंकर मैं भरा चिकना तरल पदार्थ चहुंओर फैल गया. फसल नष्ट होने के साथ ही काफी दुर्गंध आ रही है. **आईल भरा था टेंकर में-** जानकारी के अनुसार टेंकर में ईडीबेल आईल ले जाया जा रहा था जिसका उपयोग मशीनरी और इंजनों में चिकनाई और शीतलन के लिए किया जाता है. यह एक प्रकार का लेबलिंग और कोडिंग सॉल्यूशन है, जो उत्पादों की पहचान और ट्रैकिंग में मदद करता है. ईडीबेल आईल का उपयोग ऑटोमोटिव, एरोस्पेस, और मैन्युफैक्चरिंग आदि विभिन्न उद्योगों में किया जाता है.



# ठेकेदार की लापरवाही से रुका सड़क निर्माण

## बोल्डर में बदल गया मार्ग, स्थानीय लोगों में नाराजगी

नवभारत न्यूज
**सारंगपुर 12 दिसम्बर, सं.** विधायक निधि से सुनील विजयवर्गी के मकान से लेकर सुनील धनगर के मकान तक प्रस्तावित 0.350 किलोमीटर सड़क निर्माण महीनों से अधर में अटका हुआ है. लाखों रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का शिलान्यास स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने लगभग 11महीने पहले किया था. लेकिन ठेकेदार ने केवल खुदाई की और रोड निर्माण की सामग्री बालू रेत डालकर काम बंद कर दिया. महीनो बीत गए, लेकिन निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हो सका. नतीजतन यह मार्ग आज खतरनाक और बेहद दुर्गम हो गया है.

इस मार्ग से दर्जनों छात्र प्रतिदिन स्कूल कॉलेज आते जाते व अन्य कामकाजी लोगों का भी रोजाना आना जाना होता है. रोड की खुदाई हो जाने से बोल्डर नुमा सड़क असमतल हो गई है और साइकिल चलाना नामुमकिन. कांग्रेस नेता दिनेश धनगर ने बताया कि उन्होंने कई बार सोशल मीडिया के माध्यम से आवाज उठाई और ठेकेदार से भी संपर्क किया, लेकिन वह हर बार किसी ना किसी मजबूरी का हवाला देकर कार्य शुरू करने से बचता रहा.

### पंचों के रिक्त पद पर नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 15 को

**राजगढ़ 12 दिसम्बर, का.** पंचायत के उप निर्वाचन वर्ष 2025 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है. जिसमें जिले के 873 रिक्त पंचों के पद पर अधिसूचना 08 दिसम्बर, 2025 को जारी की गई थी. जिसमें पंच पदों की लिए नाम निर्देशन 15 दिसम्बर तक प्रस्तुत किए जा सकते है.

# खुली भैंसवाधाम की दान पेटी, निकला 95 लाख का दान



नवभारत न्यूज
**सारंगपुर 12 दिसम्बर, सं.** शुक्रवार को प्रसिद्ध भैसवामाता माता मंदिर ट्रस्ट की दान पेटी खोली गई. जिसमे 9 लाख 54 हजार 550 की रूपए की दान राशि निकली. उक्त राशि को बैंक मे जमा कराया गया. तहसीलदार आकाश शर्मा के अदेशानुसार तथा नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान एवं हल्का पटवारी कन्हैयालाल फुलेरिया के निर्देशन में भैसवामाता मंदिर की दान पेठी खुलवाकर दान से प्राप्त राशि की गणना की गई. जिसमें सारंगपुर तहसील के पटवारी अतुल सक्सेना, विपुल सक्सेना, सुरेन्द्र मेहा, राजाराम जाटव, आत्माराम वर्मा सहित समस्त कोटवार उपस्थित थे. इसके पूर्व बीते 12 मार्च को दानपेटी खोली गई थी.

### मुक्तिधाम सेवा समिति की बैठक संपन्न

**सारंगपुर 12 दिसम्बर, सं.** बाल रूप हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड परिसर में बुधवार को मुक्ति धाम सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अनिल बारकीया ने की, वहीं हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला विशेष रूप से मौजूद रहे. बैठक का मुख्य उद्देश्य स्थानीय मुक्ति धाम में आवश्यक विकास कार्यों की योजना बनाना तथा वर्तमान व्यवस्थाओं में सुधार करना रहा. बैठक में समाजसेवी ओम प्रकाश राठी, अशोक साहू, सुशील व्यास, आशुतोष वेध, सुधीर श्रीमाल, पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी और रामनारायण टेटवाल सहित दोनों समितियों के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे. प्रतिभागियों ने यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में सामूहिक सहयोग से मुक्ति धाम को और सुव्यवस्थित तथा श्रद्धालुओं हेतु सुविधाजनक बनाया जाएगा. इसलिए उसका संरक्षण सभी को मिलकर करना होगा.

# 20 टीबी मरीजों को बांटी निश्चय किट, 6 महीनों तक नियमित मिलेगी



नवभारत न्यूज
**पीलूखेड़ी 12 दिसम्बर, सं.** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावर में हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेज द्वारा 20 टीबी पेशेंटों को निश्चय किट प्रदान की गई, जिसे अगले 6 महीनों तक नियमित रूप से दिया जाएगा. इस निश्चय किट वितरण कार्यक्रम में डॉ. एन. के. गवली (मेडिकल ऑफिसर, कुरावर हॉस्पिटल), डा अनिल सोनी (मेडिकल ऑफिसर कुरावर) नायब तहसीलदार श्रीमती सुनीता सिंह, टीबी ऑफिसर श्री सुरेश चंद्र अजमेरिया, सुश्री अश्विनी येलने, पूजा मीणा, यशवंत यादव गीलाखेड़ी, हेमेंद्र कुशवाह सहित अनेक सम्मानित नागरिकों ने सहभागिता की. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेज के इस सराहनीय एवं सामाजिक दायित्वपूर्ण कार्य की प्रशंसा की.

### एचआईवी जांच में जिला प्रदेश में दूसरे नंबर पर

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 12 दिसम्बर, का.** मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा जारी एचआईवी पॉजिटिविटी की जाँच के लक्ष्यों में, राजगढ़ जिले की इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर टीम ने लक्ष्य के विरुद्ध शानदार 95 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज करते हुए पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है. इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए, राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने राजगढ़ की पूरी टीम को सम्मानित किया.

**राजनीति** आज सारंगपुर में होना है जनपद पंचायत के नवीन भवन का भूमिपूजन

# एक बार फिर आमंत्रण पत्र में जिपं अध्यक्ष का नाम नहीं

नवभारत न्यूज
**सारंगपुर 12 दिसम्बर, सं.** शनिवार को सारंगपुर में आयोजित होने वाले सारंगपुर जनपद पंचायत के नवीन भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का पालन नहीं होने पर जनपद पंचायत के कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम रोहित बम्हौरे को अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने कहा कि जपं के नवीन भवन के निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया है किंतु शासकीय कार्यक्रम में प्रोटोकाल अनुसार जनपद से संबंधित जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया का नाम आमंत्रण पत्र में नहीं है और न ही उन्हें कार्यक्रम की सूचना दी गई है. जबकि शासकीय कार्यक्रमों मे जिला पंचायत अध्यक्ष का नाम कार्यक्रमों के आमंत्रण पत्रों में होना चाहिए जबकि सारंगपुर जनपद पंचायत अधिकारियों ने इस का उल्लंघन किया है. इस बात से हम बेहद नाराज है और इसकी घोर निंदा करते है. हमारी मांग है कि कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष सोंधिया को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया जाए, अन्यथा ऐसा न होने पर भूमिपूजन स्थान पर संबंधित अधिकारी से जवाब तलब किया जाएगा.



### प्रोटोकॉल का हुआ उल्लंघन

जनपद पंचायत सदस्य दुर्गेश सोमानी एवं बनवारी मालवीय, घनश्याम मालवीय का आरोप है कि कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया. पत्र पर जिपं अध्यक्ष का नाम नहीं होने से उन्हें अपमानित महसूस हुआ. उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष का पद भी महत्वपूर्ण होता है और उन्हें भी उचित सम्मान दिया जाना चाहिए.

जपं सदस्यों ने कहा कि कांग्रेस मामले की जांच की मांग करते है. यह घटना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है. यह दिखाता है कि प्रोटोकॉल का पालन न करना कितना गंभीर मामला हो सकता है. ज्ञापन सौंपने वालो में पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, ब्लाक अध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र सोलंकी, कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी, कैलाश राजपूत, चंद्रर परमार सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे.

### सीएम हेल्पलाईन पर कर चुके हैं शिकायत

जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया बीते माह सीएम हैल्पलाईन पर लगातार उनका नाम पंचायती विकास कार्यों के आमंत्रण पत्र में नहीं लगाने, मंचों से उनकी अवहेलना करने और अपनी बात नहीं रखने देने जैसे मामलों की शिकायत कर चुके है. इसके पूर्व भी सीएम के आगमन, ब्यावरा जनपद भवन के भूमिपूजन और सुठालिया सहित राजगढ़ के आयोजन में उनकी अवेहलना की उन्होंने शिकायत की है.


नव भारत

*यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो*

**आवश्यकता है**

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के भोपाल संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

**रिपोर्टर (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता स्वयं का वाहन अनिवार्य है

**उपसंपादक (पद-2)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का डेस्क कार्य अनुभव भाषा, व्याकरण एवं अनुवाद का ज्ञान खबरों के संपादन में दक्षता पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता

**मार्केटिंग एक्जक्युटिव (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, मार्केटिंग क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

**सरक्यूलेशन एक्जीक्युटिव (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार के प्रसार विभाग में कार्य अनुभव की प्राथमिकता, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

**डीटीपी कम्प्यूटर ऑपरेटर (पद-2)**
योग्यता - कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव की प्राथमिकता

: संपर्क करें :

स्थान : नव भारत प्रेस परिसर 3, इंदिरा प्रेस काम्प्लेक्स रामगोपाल महेश्वरी मार्ग, एम. पी. नगर, जोन-1, भोपाल

8839490247 Email: hr.navabharat1934@gmail.com